हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री


10 रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर घर-घर मनेगी दिवाली



11 बसना तहसील में लगा नेशनल लोक अदालत




## खबर संक्षेप

### घटना में बुजुर्ग की मौत चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। तुमगांव से जोबा मार्ग में एक कांप्लेक्स के पास बाइक चालक की ठोकर से 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 4514 के चालक ने मड़हरिया साहू पिता तिहारू साहू निवासी भोरिंग को टक्कर मार दिया। बुजुर्ग को तुमगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

### टक्कर की टक्कर से दो घायल

**महासमुंद**। ग्राम बरोली तिराहा के पास एक ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसमें बैठे दो लोग घायल हो गए। बसना थाना में प्रार्थी जन्मजय निषाद पिता सरोज निषाद (28) ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 7073 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 1416 को टक्कर मार दी। इस टक्कर से उसके जीजा व एक अन्य व्यक्ति को चोटें आई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



### मारपीट का मामला दर्ज

**महासमुंद**। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरतुंगा में मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी रामलाल रात्रे पिता कांशीराम (42) ने पुलिस को बताया कि आरोपी संतराम पटेल ने उसके साथ हाथ मुक्का और डंडे से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# एकमुश्त रकम की चाह में बीज उत्पादक भी समितियों में बेच रहे धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान का एकमुश्त भुगतान पाने की चाह में जिले के बीज उत्पादक किसान भी इन दिनों समितियों में ही अपनी उपज बेच रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भाजपा सरकार द्वारा घोषणा पत्र में बेचे जा रहे धान का 3100 रूपए प्रति क्विंटल एकमुश्त भुगतान की बात कही गई थी। इसी का नतीजा है कि बीज निगम में अब तक करीब 60 किसानों द्वारा केवल 11 हजार क्विंटल धान बीज बेचा गया है। जबकि, किसानों को प्रति क्विंटल बीज पर 1750 रूपए ही अग्रिम भुगतान किया जा रहा है। शेष रकम और बोनस ग्रेडिंग में ए वन आने पर मार्च माह में भुगतान किया जाएगा। वहीं, अंडर साईज होने पर वापस कर दिया जाएगा। बता दें कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान पर भाजपा सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी पर 3100 रुपए एकमुश्त भुगतान करने की घोषणा की है। धान पर मिलने वाली यह राशि बीते साल बीज पर मिलने वाली राशि के तकरीबन बराबर है। इसलिए, जिले के बीज उत्पादक किसान इन अपनी उपज को बीज निगम को देने के बजाए समितियों में बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। क्योंकि, बीज निगम की ओर से किसानों को प्रति क्विंटल बीज का अग्रिम भुगतान सिर्फ 1750 रुपए दिया जा रहा है और फिलहाल आम किसानों को प्रति क्विंटल धान पर 2183-2203 रुपए तक मिल रहा है। हालांकि, बीज उत्पादकों को ग्रेडिंग के बाद करीब एक हजार और बोनस भी दिया जाएगा। लेकिन, यह भुगतान तीन माह बाद मार्च में किया जाएगा। जबकि, समर्थन मूल्य में बेचे गए धान का घोषणानुरूप एकमुश्त भुगतान भी किया जा सकता है।

## धान बीज को मिलेगा केवल अग्रिम भुगतान, ग्रेडिंग के बाद मिलता है अंतिम भुगतान

### पंजीकृत रकबा 524 हेक्टेयर

जिले में धान बीज उत्पादक किसानों द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए प्रमाणित बीज बेचने के लिए करीब 524 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराया गया है। लेकिन, बीज निगम महासमुंद में विक्रय के लिए आवक बहुत कमजोर बना हुआ है। अब तक 60 किसानों से करीब 11 हजार क्विंटल बीज खरीदा जा सका है, जिसका अग्रिम भुगतान भी हो चुका है। बीते साल धान की विभिन्न किस्मों के लिए 2675 से 2911 रूपए प्रति क्विंटल और साथ ही 300 रूपए बोनस दिया गया था।



### धान बीज का मूल्य रहता है अधिक

बीज निगम प्रभारी धेनू भगत चौहान ने बताया कि समितियों में समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान के मूल्य से बीज का मूल्य हमेशा 400-500 रुपए अधिक रहता है। इस बार यह बीज का मूल्य में इतना ही अंतर रहने की उम्मीद है। हालांकि, पंजीकृत बीज उत्पादक किसान स्वेच्छा से निगम में अपनी उपज विक्रय करते हैं और उन्हें हर किस्म के धान बीज के लिए अग्रिम भुगतान के रूप में 1750 रुपए प्रति क्विंटल दिया जा रहा है। अंतिम भुगतान के दौरान अंडर साईज आए बीज का मूल्य घटा दिया जाता है।

## कर्जदार : चार महीने से नहीं मिली कुकिंग कास्ट की राशि

# दुकानों में उधारी बंद, जेवर गिरवी रख चला रहे हैं मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूलों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन

- रसोइयों को नहीं मिल रहा है मानदेय, केंद्र और राज्य से मिलती है 60-40 फीसदी राशि

परोसने वाले महिला समूहों को चार महीने से कुकिंग कास्ट की राशि नहीं मिली है। और न ही रसोइयों को मानदेय मिला है। इधर, जिन दुकानों से समूह की महिलाएं राशन लाती रही हैं उन्होंने सामान उधार देना बंद कर दिया है। हालात यह है कि मध्याह्न भोजन संचालन करने वाली महिलाओं को जेवर गिरवी रखने की नौबत है। जिससे महिला समूहों पर कर्ज बढ़ता जा रहा है।

जिले के 1310 प्रायमरी और 513 मिडिल स्कूलों में पीएम पोषण आहार योजना के तहत मध्यान्ह भोजन बनाने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं को कुकिंग कास्ट की राशि चार महीने से नहीं मिली है। कुकिंग कास्ट की राशि 60 फीसदी जहां केंद्र की ओर से दी जाती है। वहीं 40 प्रतिशत राज्य शासन वहन करती है। जिले के कुल 1823 स्कूलों में स्व सहायता समूहों द्वारा ही संचालन किया जा रहा है। इसमें समूह की महिलाओं को चावल के अलावा बाकी सभी जरूरी सामान खरीदना पड़ता है। इसमें तेल, नमक, मसाला-मिर्च से लेकर अन्य जरूरी सामान शामिल है। सब्जी और दाल भी इसी पैसे लेना पड़ता है। लेकिन, चार महीने से कुकिंग कास्ट की राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। ऐसे में महिलाओं द्वारा कुछ दिनों तक बाजार से उधार में सामान खरीदकर भोजन पकाया जा रहा था। लेकिन, दुकानदार भी सामान देने से मना कर रहे हैं। जिसके चलते अब उन्हें घर का सामान या जेवर गिरवी रखकर मध्यान्ह भोजन का संचालन करना पड़ रहा है।

कर्ज में डूबे महिला समूह



### आबंटन नहीं मिला

उप संचालक शिक्षा सतीश नायर ने बताया कि कुकिंग कास्ट के लिए अभी शासन की ओर से आबंटन नहीं मिला है। आबंटन मिलने के तत्काल बाद मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाले समूहों को राशि जारी किया जाएगा। पूरे प्रदेश में यही स्थिति है।

### समूहों पर बढ़ता जा रहा कर्ज

रसोईया संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलू ओगरे ने बताया कि चार महीने से कुकिंग कास्ट की राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। ऐसे में जिले के 1822 संचालनकर्ता द्वारा दुकानों से उधारी में सामान लेकर स्कूली बच्चों भोजन को खिलाया जा रहा है। ऐसे में हर महीने इनके उपर कर्ज चढ़ता जा रहा है। इसी तरह खाना बनाने वाले 3690 रसोइया को भी मानदेय नहीं मिल रहा है।

### जेवर गिरवी रखना पड़ा

जिला मुख्यालय के सबसे बड़ा स्कूल आदर्श स्कूल में मध्यान्ह भोजन संचालित कर रही श्रीमती राधा साहू ने बताया कि दुकानदार उधार देना बंद कर चुके हैं। जिसके कारण उन्हें अपना जेवर गिरवी रखना पड़ा है। जानकारी के मुताबिक प्रायमरी स्कूलों में प्रति बच्चे 5 रुपए 69 पैसे और मिडिल में 8 रुपए 17 पैसे के हिसाब से दिया जाता है, जिसमें केंद्र और राज्य से 60-40 फीसदी राशि होती है।

# बाबा के विचार आज भी प्रासंगिक समाज में दिए एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सोमवार को जैतखाम में सफेद ध्वज चढ़ाया गया। समाज की महिलाएं घरों में रंगोली बनाकर दीप जलाएं और पारंपरिक तरीके से बाबा घासीदास की जयंती मनाई गई। साथ ही उनके मनखे-मनखे एक समान जैसे आज भी प्रासंगिक विचारों का वाचन किया गया।

गुरु घासीदास बाबा का जन्म ऐसे समय में हुआ था, जब समाज में छुआछूत, ऊंच-नीच का भेदभाव और झूठ-कपट जैसी चीजें चरम पर थी। ऐसे हालात में उन्होंने समाज को न सिर्फ एकजुट करने का प्रयास किया, बल्कि उन्हें एकता, भाईचारे और समरसता का संदेश भी दिया था।

उन्होंने समाज के कई वर्णों में बांटने वाली जाति व्यवस्था का विरोध किया। सतनामी समाज द्वारा एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले गुरु घासीदास की जयंती छत्तीसगढ़ में हर साल 18 दिसंबर को धूमधाम से मनाई जाती है। इस वर्ष सोमवार को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय के ढीढी नगर सतनाम भवन, सुभाष नगर, नयापारा, कुम्हार पारा सहित अनेक स्थानों पर मौजूद जैतखाम पर सफेद ध्वज का पालो चढ़ाया गया। साथ नगर के आसपास के गांव बेमचा, बम्हनी, नांदगांव, साराडीह, परसकोल सहित जिले के अनेक स्थानों पर बाबा की जयंती धूमधाम और पारंपरिक तरीके से मनाई गई।

### हुए विविध आयोजन

गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिले के अनेक स्थानों में कई प्रकार के आयोजन किए गए। कई गांवों में बाबा के संदेश यात्रा निकाली गई। वहीं, अनेक स्थानों में रात्रिकालीन संगीत का आयोजन किया गया। साथ मंडई मेला का आयोजन भी रखा गया।



### शोभायात्रा का विधायक योगेश्वर ने किया स्वागत

**महासमुंद**। गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नपाध्यक्ष राशि महिलांग, पूर्व नपाउपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे समेत समाजजनों को बाबा गुरु घासीदास के वचनों को आत्मसात करने और आज भी प्रासंगिक होने की बात कही। इस दौरान विधायक सिन्हा के साथ राज्य युवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, मुन्ना साहू, दिग्विजय साहू, संदीप दीवान, प्रकाश शर्मा, बंटी शर्मा, नीलम दीवान सहित अन्य भाजपाजन मौजूद रहे।

# सुधांशु ने लिए 5 विकेट, धमतरी को पहली पारी में 86 रन पर समेटा, महासमुंद को मिली 120 रन की बढ़त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय मैच के प्रथम मुकाबले में धमतरी विरुद्ध महासमुंद का मैच दल्लीराजहरा में खेला गया, जिसमें धमतरी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। धमतरी की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 86 रनों पर ढेर हो गई।

जिसमें महासमुंद की टीम के सुधांशु वर्मा ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने 5 विकेट अर्जित किए। साथ ही प्रशांत के दो, हामिद के एक, नमन के एक विकेट शामिल थे। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी महासमुंद की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 206/03 रन बना लिए, जिससे महासमुंद की टीम को 120 रनों की बढ़त हासिल कर ली। जिसमें कृतेश साहू 19, शोभित शर्मा 34, तृपेश साहू 64 ने रनों का योगदान दिया अभी बल्लेबाजी में तुषार चंद्राकर 75 और अनुराग साहू 13 रन बनाकर डटे हुए हैं।

### मॉर्निंग वॉक करने निकली महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत, एक घायल

**महासमुंद**। रविवार को रायपुर रोड पर मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं को ट्रक ने टक्कर मार दी, घटना में एक महिला की मौत हो गई, वहीं दूसरी घायल है। पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह करीब 5 बजे किरण चंद्राकर और राधिका यादव मार्निंग वॉक पर निकली थीं। इस दौरान अज्ञात वाहन ने दोनों महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया। राधिका यादव ने घटना की सूचना फोन पर अपने पति को दी। दोनों को 108 वाहन की मदद से अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना में किरण चंद्राकर पति आकाश चंद्राकर (21) निवासी पुराना रावण भाठा की मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साह, तैयारी में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहरवासी काफी उत्साहित हैं। इस संबंध में हाल ही में एक वृहद बैठक हुई। जिसमें महासमुंद नगर को 10 अलग-अलग बस्तियों में विभक्त करते हुए अलग-अलग टोली बनाकर कार्य करने का लक्ष्य है। अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत, आमंत्रण पत्र एवं राम दरबार छायाचित्र को प्रत्येक सनातनी परिवार तक पहुंचने एवम प्रत्येक सनातनी परिवार प्राण प्रतिष्ठा के दिन को दीपावली की तरह मनाने जाने का निर्णय लिया गया है।



बैठक में राम मंदिर उत्सव समिति के महेश मक्कड़ ने बताया कि पूरे अभियान में अपने गली या आसपास के मंदिरों को केंद्र मानकर काम करना है।

मंदिरों की साज सज्जा रंग रोगन पर भी ध्यान देना है। नगर कार्यवाह भूपेंद्र राठौर ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने बस्ती का वातावरण अयोध्या जैसा बनाना है।

सभी बस्ती वाले अयोध्या के निवासी जैसे प्रतीत होने चाहिए। बैठक में मुख्य दिवस भजन पूजन प्रसाद वितरण, भंडारा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विक्रम ठाकुर, जैनेंद्र चंद्राकर, खगेंद्र तारक, अग्रज शर्मा, अनुपम त्रिपाठी, बलराम साहू, मंगेश टंकसाले, गुलाब सेन, राजश्री ठाकुर, मीना वर्मा, सुधा साहू आदि मौजूद रहे।

## मिलर्स रोजाना डेढ़ लाख क्विंटल धान का कर रहे हैं उठाव, समितियों को राहत

# केंद्रों से धान का उठाव, करोड़ों का परिवहन भाड़ा की बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान का उठाव के लिए विभाग द्वारा तेजी से मिलरों को डीओ जारी किया जा रहा है। जिसके चलते मिलर्स रोजाना डेढ़ लाख क्विंटल का उठाव कर रहे हैं। इधर, खास बात यह है कि मिलिंग के लिए मिलर्स सीधे उपार्जन केंद्रों से उठाव कर रहे हैं। जिससे परिवहन भाड़ा की बचत तो हो रही है। साथ ही उठाव की रफ्तार तेज होने के कारण अन्य वर्षो की तरह केंद्रों में जाम की स्थिति भी नहीं बन रही है, जिससे समिति प्रबंधकों को भी राहत मिली है।

बता दें कि बीते कुछ वर्षो से सरकारी दर पर खरीदे जा रहे धान का ज्यादातर मात्रा सीधे राईस मिलर्स द्वारा किया जा रहा है, जिससे संग्रहण केंद्रों में कम मात्रा में धान का संग्रहण करने की नौबत आ रही है। इससे करोड़ों रूपए का परिवहन भाड़ा बच रहा है। वहीं, संग्रहण केंद्रों में रखरखाव और सुरक्षा में लगने वाले व्यय की भी बचत हो रही है। इसके अलावा दीमक, चूहा, बारिश आदि से होने वाले नुकसान भी कम हो रहा है। इस बार धान के उठाव की नीतियों में और सुधार देखने को मिल रहा है। इस बार जिले के राईस मिलर्स के अलावा राजिम और धमतरी के मिलर्स के लिए भी डीओ जारी किया जा रहा है, जिससे धान का उठाव तेजी से हो रहा है। इससे सबसे ज्यादा राहत समिति प्रबंधकों को मिल रही है। जल्दी उठाव हो जाने से धान में सूखत की आशंका कम हो गई है।



### 35 लाख क्विंटल में 25 का उठाव

अब तक जिले में 67,745 किसानों से 35 लाख 65 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो पाई है। जिसमें 216 राईस मिलर्स द्वारा 24 लाख 74 हजार क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है और उपार्जन केंद्रों में सिर्फ 10 लाख 90 हजार क्विंटल शेष है।

रोजाना डेढ़ लाख क्विंटल का उठाव किया जा रहा है। हालांकि, उठाव की अपेक्षा रोजान खरीदी की लिमिट ज्यादा है। लेकिन शनिवार, रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में खरीदी बंद होने से उठाव का अंतर कम हो जा रहा है।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**महासमुंद**। बागबाहरा के सुमीत बाजार के सामने ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। प्रार्थी जितेंद्र बैरागी पिता कालिका बैरागी (52) की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक तिरीथ राम यादव पिता सुखदेव निवासी वार्ड 8 कर्रापारा बागबाहरा के खिलाफ धारा 279 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### आशीष सचिव एवं सतपथी सहसचिव बने

**सरायपाली।** सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा के निर्देशानुसार में सर्वसम्मति से डॉ आशीष दास को सचिव एवं संजय सत्यप्रकाश (पप्पू ) सतपथी को सहसचिव नियुक्त किया गया। नियुक्ति पर दोनों नए पदाधिकारी को सर्व ब्राह्मण समाज एवं शुभचिंतक ने हर्ष जताया है।

### प्लाई दुकान में मजदूर ने लगाई फांसी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक मजदूर युवक ने प्लाई दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार स्थानीय साल्हेवारपारा निवासी चंद्रशेखर बघेल पिता कार्तिकराम 40 वर्ष बीते 15 वर्ष से सिहावा रोड स्थित बालाजी प्लाई दुकान में काम कर रहा था। रोजाना की तरह युवक रविवार को भी काम करने दुकान आया था। शाम को युवक ने प्लास्टिक रस्सी का फंदा बना फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सूचना पर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत को परिजनों ने संदिग्ध बताया है। वहीं पुलिस घटना को प्रथम दृष्टया आत्महत्या मानकर चल रही है।

### सेलून एसोसिएशन की बैठक आज

**धमतरी।** सेलून एसोसिएशन की बैठक 19 दिसम्बर को सुबह 9 से 12 बजे तक चंदापारी सेन भवन आमातालाब रोड रामनगर में रखी गई है जिसमें नववर्ष 2024 का स्वागत करने सहित नई रेट लिस्ट बनाने एवं लंबित कार्यों को पूरा करने सम्बधी चर्चा की जायेगी।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर घर-घर मनेगी दिवाली 5 हजार कार्यकर्ता 50 हजार घरों में बाटेंगे अक्षत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- अयोध्या से पहुंचे अक्षत की विधि विधान से पूजा की गई, शोभायात्रा भी निकाली

अयोध्या के रामलला में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी हैं। इस महोत्सव में देश के प्रत्येक गांव को अयोध्या बनाने की पूरी तैयारी हो रही हैं। घर-घर में निमंत्रण देने अयोध्या से आए अक्षत को देते हुए भगवान राम की जन्मस्थली में विराजमान होने के दिन उत्सव मनाने का आग्रह करेंगे। खंड में 50 हजार घरों तक रामभक्त पहुचेंगे।

सोमवार सुबह दुर्गा माता मंदिर बागबाहरा में अयोध्या से पहुंचे अक्षत की विधि विधान से पूजा की गई। इसके बाद यहां से शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण कर वापस दुर्गा मंदिर में समाप्त हुई। संघ की रचना अनुसार खंड के 12 मंडल से आए प्रतिनिधियों को अक्षत कलश सौंपा गया। जय श्रीराम के जयघोष के साथ सभी प्रतिनिधि कलश लेकर अपने मंडल में गए। 1-15 जनवरी को गृह संपर्क अभियान के साथ अक्षत वितरण किया जाएगा। इस दौरान संघ के नेतृत्व में सभी मंडलों से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। आयोजन में आरएसएस के रिंकू बैरागी, वीरेंद्र साहू, रूपेंद्र साहू एवं अभियान समिति के खंड संयोजक भेखलाल साहू, सह संयोजक परमानंद नायक सभी मंडलों के संयोजक उपस्थित थे।



**घरों और मंदिरों को दीपों से सजाएंगे, आरती होगी**

रामभक्त प्रत्येक ग्राम में जाकर बैठक कर रहे हैं, वहां 22 जनवरी को अयोध्या बनाने प्रत्येक ग्राम में श्रीराम विराजमान होंगे, ऐसा वातावरण निर्मित किया जा रहा है। इस दौरान लोगों से दीपावली की तरह घरों को सजाने, रंगोली बनाने आतिशबाजी करके उत्सव मनाने का आग्रह किया जा रहा है। 22 जनवरी को प्रत्येक ग्राम और मंदिरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा। संघ के खंड कार्यवाह रामनारायण साहू ने बताया कि बागबाहरा खंड के 5 हजार कार्यकर्ता 1-15 जनवरी के बीच खंड के 50 हजार घरों में संपर्क करेंगे।

#### 1 से 15 जनवरी तक होगा वितरण, समितियों का गठन जारी

घर-घर अक्षत वितरण के दौरान भक्तों से रामलला दर्शन के लिए अयोध्या जाने को निमंत्रण दिया जाएगा। घर-घर अक्षत का वितरण 1 से 15 जनवरी तक किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ग्राम में ग्राम समिति का गठन जारी है।

## सम्मान कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी स्थित राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 18 जिलों से आए कंवर समाज के जिला प्रतिनिधियों सहित सामाजिकजनों ने प्रदेश अध्यक्ष हरवंश मिरी के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान कंवर समाज द्वारा मुख्यमंत्री को गजमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुलाकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मिरी ने कंवर समाज द्वारा आगामी दिनों में मुख्यमंत्री के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित किया गया। जिस पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में कंवर समाज के खल्लारी महासभा के केंद्रीय जिलाध्यक्ष थानसिंग दीवान, नकुल चंद्रवंशी, बसंत दीवान, सविता साय, टीकाराम कंवर, संदीप कुमार पैकरा, उर्मिला पैकरा, अंजना चंद्रवंशी, मनीषा कंवर, संत लाल दीवान, कुंज बिहारी पैकरा सहित समाज के अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सांसद ने बायपास निर्माण के डीपीआर बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शहर में बायपास निर्माण को लेकर किया गया विचार मंथन



बायपास निर्माण संघर्ष समिति की बहुप्रतीक्षित बैठक सांसद कार्यालय में सांसद चुन्नीलाल साहू की उपस्थिति में हुई। बैठक में बायपास निर्माण की पूर्व एवं आज तक की गतिविधियों पर चर्चा एवं बायपास निर्माण कैसे हो इस विषय पर विचार मंथन किया गया। सांसद साहू ने एनएचएआई के अधिकारी से बायपास निर्माण की डीपीआर बनवाने के लिए निर्देश दिए। इस कार्य के लिए संबंधित विभाग राजस्व, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग से कोऑर्डिनेशन के लिए कलेक्टर से मिलकर डीपीआर निर्माण के बाद बायपास निर्माण की प्रक्रिया को गति देने की बात कहीं। सांसद साहू ने आश्वस्त किया कि मंत्रिमंडल गठन के पश्चात अतिशीघ्र बायपास निर्माण संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभाग के मंत्री से मुलाकात कर तत्काल इस कार्य में गति प्रदान करने के लिए वे पूरी ताकत से लगेंगे। सांसद ने परिवहन विभाग के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से दो दिन के भीतर मुलाकात कर महासमुंद बायपास निर्माण का मार्ग पूरी गंभीरता से प्रशस्त करने की बात कही। बैठक में प्रमुख रूप से भरत चंद्राकर, पंकज साहू, श्रेयांश चोपड़ा, आनंद साहू, मनोज जैन, प्रेम चंद्राकर, उमेश जैन, उमेश, अमरपाल गुरुदत्ता, देवेंद्र चंद्राकर, जितेंद्र साहू, डॉ हुलास साहू, मनोज नेभानी, ज्ञानचंद चोपड़ा, शत्रुघन ईसरानी एवं अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# अग्रवाल सभा ने किया विधायक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



अग्रवाल सभा बसना द्वारा नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ संपत अग्रवाल द्वारा सर्वप्रथम भगवान अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा की गई। बाद बालिकाओं द्वारा गणेश भगवान की स्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत गीत गाए गए।

मुख्य अतिथि डॉ संपत अग्रवाल, अध्यक्ष अग्रवाल सभा अजय अग्रवाल व सौरभ अग्रवाल मंचासीन थे। मंच संचालक सचिव मनोज अग्रवाल ने डा संपत का जीवन परिचय बताते हुए कहा कि अयोध्या में कार सेवा के लिए डा अग्रवाल गए थे एवं जिस वर्ष अयोध्या में राममंदिर बन रहा है उसी वर्ष डा संपत विधायक बने है। मुख्य अतिथि डॉ. अग्रवाल ने कहा कि समाज के सभी कार्यों में मेरा पूरा सहयोग रहेगा। बसना विधानसभा को मैं अपना परिवार मानता हूं। बसना विधानसभा हमेशा से मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा है। मैं सर्वप्रथम इन्हीं कार्यों को पूरा करूंगा। बसना में अग्रोहा धाम बनाने के लिए कदम बढ़ाया जाएगा। चंदा विकास अग्रवाल ने डा संपत को उनकी स्केच तस्वीर भेंट की। हंसिका अग्रवाल द्वारा सम्मान गीत गाया गया। इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल, उन्नति शाखा मारवाड़ी युवा मंच के सभी अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन डा एनके अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव मनोज अग्रवाल, संरक्षक सौरभ अग्रवाल, उपाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुरारी अग्रवाल, सहसचिव राजेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, जय नारायण अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनील कंसल, सतीश अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सांवर अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, नवल अग्रवाल, भगवान दास अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के सदस्य व महिलाएं उपस्थित रहे।




### कसेकेरा ईको क्लब का शैक्षिक भ्रमण

**कोमाखान।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा के मां रूपई ईको क्लब द्वारा ईको फ्रेंडली गतिविधियों के अध्ययन के लिए कोडार जलाशय स्थित ईको वन चेतना केंद्र में ईको कैंप कर जैव विविधता संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयास में हमारी भूमिका का अध्ययन करते हुए महानदी अपवाह क्षेत्र में हो रहे कटाव, विलुप्त हो रहे वनस्पति एवं जीव जंतुओं के बारे में जानकारी ली। प्रधान पाठक डा विजय शर्मा द्वारा अध्ययन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए दक्षिण कोसल की राजधानी के पुरावशेषों का अध्ययन कर बताया गया कि प्रकृति पर्यावरण मानव सृष्टि को कैसे प्रभावित करता है। इतिहास से हमें सीखने की आवश्यकता है। विदित हो कि कसेकेरा ईको क्लब द्वारा 2021 से पर्यावरण संरक्षण के लिए कसेकेरा पहाड़ी पर चटाई विधि से घास उगाने एवं बंदर, भालू, पक्षी के संरक्षण के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बच्चों को अध्ययन एवं कौशल विकास के लिए कार्यशाला सह शैक्षिक भ्रमण कराया गया। पर्यटन मंडल के भुनेश्वर ध्रुव, गाइड एमएल ध्रुव, गणित शिक्षक जितेंद्र साहू, विज्ञान शिक्षक कामाक्षी चंद्राकर, सामाजिक विज्ञान शिक्षक लक्ष्मी साहू का विशेष योगदान रहा।

### सामान्य शिक्षकों का समावेशी शिक्षण विधियों व आईसीटी पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**महासमुंद।** साईटसेवर्स इंडिया द्वारा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सामान्य शिक्षकों का समावेशी शिक्षण विधियों व आईसीटी पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक हुआ। जिसमें महासमुंद और बागबहरा विकासखंड से 30 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण की शुरुवात सभी प्रतिभागियों का स्वागत से किया गया। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर संदीप उपाध्याय अष्टावक्र इंस्टिट्यूट ऑफ रिहेबिलिटेशन साइंसेस एंड रिसर्च दिल्ली रहे। पहले दिन सभी प्रतिभागियों का प्री-टेस्ट लिया गया। इस प्रशिक्षण के अन्तर्गत दृष्टिबाधित और अल्पदृष्टिबाधित बच्चों की पहचान, समावेशी शिक्षा की अवधारणा, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, समावेशी कक्षा-कक्ष का दिव्यांगता के अनुरूप प्रबंधन, दृष्टिवाधित और अल्पदृष्टिबाधित बच्चों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से ब्रेल प्रशिक्षण, अबेकस, टेलर फ्रेम पर गणितीय कियाएं, अपने आस-पास के वातावरण में सुरक्षित ढंग से चलने की विशेष तकनीक, मोबाइल पर टॉक बैंक का उपयोग, मैग्नीफायर लैंस का उपयोग इत्यादि से संबंधित प्रायोगिक कार्य करवाया गया। इस प्रशिक्षण में साईटसेवर्स से जिला परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार निषाद और जिला समावेशी शिक्षा सुविधाकर्ता नीरज सिंह उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर उर्निमाला सेनगुप्ता, प्रोजेक्ट ओफिसर प्रांजल प्रकाश त्रिपाठी एवं राज्य तकनीकी सलाहकार (समावेशी शिक्षा) करन सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ।

# प्रदेश में भाजपा की सरकार, मोदी की गारंटी हर गरीब को मिलेगा प्रधानमंत्री आवासः प्रमोद

**सरायपाली।** भाजपा मंडल महामंत्री सरायपाली प्रमोद कुमार सागर ने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में मोदी की पहली गारंटी गरीबों के 18 लाख आवास बनाने की स्वीकृति को ऐतिहासिक बताया। और कहा कि इस फैसले से अब कोई गरीब आवासहीन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि इस साहसिक फैसले के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्रीद्वय अरूण साव, विजय शर्मा का धन्यवाद है। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार बनते ही प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास को बनने से रोक दिया था, जिससे प्रदेश के लाखों गरीब परिवार को आवास से वंचित



होना पड़ा था। विगत 5 वर्षों में गरीब तबका के लिए प्रधानमंत्री आवास सपना बन कर रह गया था और बरसात के दिनों में कच्चे घरों के धंसकने से लोगों की मृत्यु तक हुई है।

सागर ने कहा कि पहले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार ने आवास योजना को रोककर गरीबों का शोषण किया है। मोदी की गारंटी का परिणाम है कि प्रदेश की जनता ने अभूतपूर्व समर्थन देकर भाजपा की सरकार बनाई और पहली ही बैठक में गरीबों के आसियाने बनने जा रहे हैं। अब आने वाले पांच सालों में खुशहाली समृद्धि आएगी। अब प्रदेश के गरीबों के घर का सपना साकार होगा। सागर ने शासन से आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सभी ग्राम पंचायतों से सर्वे कराया जाए, जिस गरीब का आवास नहीं बना है, ऐसे लोगों से आवश्यक दस्तावेज मांगकर शासन को तत्काल भेजा जाए, जिससे ग्रामीण अंचल के हजारों गरीब परिवार लाभन्वित होंगे। प्रदेश के हर गरीब के लिए अपना घर भाजपा का संकल्प है, जिसे भाजपा पूरा करेगी। अब छत्तीसगढ़ विकास व प्रगति की ओर अग्रसर होगा, छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया है और भाजपा ही संवारेंगी।

# श्रीमद भागवत कथा सुनने जुट रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जगत विहार कालोनी में श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दीन श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण के वामन अवतार की कथा का श्रवण किया। कथा व्यासपीठ से गोवर्धन शरण महराज ने कहा कि भगवान ने वराह अवतार में भगवान विष्णु ने मानव शरीर लिया था। जबकि, उनका मुख वराह के समान था। इसीलिए इस अवतार को वराह अवतार कहा गया। इंगेश साहू, यामिनी साहू, कुंदन साहू, दीप्ति साहू, रेवाराम साहू, ओजु साहू,हरिराम साहू, दीगेश साहू, योगेश साहू, सीमा चंद्राकर, सूरज चंद्राकर, जयप्रकाश साहू, प्रेमलाल साहू समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। पुरातन समय में दैत्य हिरण्याक्ष ने जब पृथ्वी को ले जाकर समुद्र में छिपा दिया तब ब्रह्मा की नाक से भगवान विष्णु वराह रूप में प्रकट हुए। भगवान विष्णु के इस रूप को देखकर सभी देवताओं व ऋषि-मुनियों ने उनकी स्तुति की। सबके आग्रह पर भगवान वराह ने पृथ्वी को ढूंढना प्रारंभ किया।

# माय भारत पोर्टल से जुड़कर उद्यमिता व अनुभव आधारित प्रशिक्षण ले सकेंगे युवा

**महासमुंद।** जिले में 16 दिसंबर से शुरू हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान माय भारत पोर्टल से जुड़कर युवा उद्यमिता व अनुभव आधारित प्रशिक्षण ले सकेंगे। जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 31 अक्टूबर को युवा कल्याण के लिए माय भारत पोर्टल की शुरुआत नए युवा विभाग की संरचना के रूप में की गई है।माय भारत पोर्टल का उद्देश्य युवाओं को करियर, कौशल, कार्यक्रम, कल्याणकारी योजनाओं में सहभागिता और 21वीं सदी के अनुरूप प्रशिक्षण व प्रतिभागिता के नए अवसर के लिए डिजिटल व फिजिकल जरिए प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार करना है। अर्पित कुमार तिवारी ने बताया कि पंजीकरण के लिए डब्लूडब्लूडब्लू.मायभारत.जीओवी.इन पोर्टल पर रजिस्टर एज यूथ पर क्लिक करना होगा। मोबाइल नंबर, ईमेल भर कर प्राप्त ओटीपी दर्ज कर वेरिफाई करना होगा। इसके बाद नाम, जन्मतिथि, जिला, ब्लॉक, पिनकोड आदि जानकारी भर कर वेरिफाई करना होगा। एडमोर डिटेल्स में ईमेल व यूथ टाइप में एनवाईकेएस चयन कर सबमिट करना होगा। प्रत्येक पंचायत पर माय भारत वॉलंटियर्स का पंजीकरण भी किया जाएगा।

युवा सशक्तिकरण के लिए शुरू किए गए माय भारत संगठन आगामी माह में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर पंजीकृत युवाओं को प्रशिक्षित मार्गदर्शकों से जोड़ेगा। इस पोर्टल के जरिए युवाओं को जिला व राष्ट्रीय स्तर पर युवा कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराकर उन्हें विभिन्न कलात्मक व रचनात्मक गतिविधियों में सहभागी बनाने का अवसर दिया जाएंगे। पंजीकृत युवा ग्राम पंचायत स्तर पर अपना समूह या युवा क्लब बना सकते हैं। इसके जरिए वे स्वप्रेरणा से विकास व स्वयंसेवा के विभिन्न कार्यक्रम कर विकसित भारत की परिकल्पना की दिशा में योगदान दे सकते हैं। अर्पित तिवारी ने बताया कि पोर्टल जमीनी स्तर पर हर युवा को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए शिक्षा, कैरियर, कौशल प्रशिक्षण व व्यक्तित्व विकास के अवसर प्रदान करेगा।

# कुंभकार महासंघ के चक्र महोत्सव में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल शाखा सभा के नेतृत्व में ग्राम तोषगांव में चक्र पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने इष्टदेवों की पूजा अर्चना कर कुंभकार समाज की प्रगति तथा क्षेत्र का विकास और खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात समस्त कुंभकार समाज पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पुष्पहार श्रीफल एवं अंगवस्त्र से स्वागत सम्मान किया।

महोत्सव में बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि चक्र महोत्सव हमारी प्रकृति, संस्कृति से जुड़ा हुआ त्योहार है। हमारे संस्कृति में इस महोत्सव का बहुत ही महत्व है। उन्होंने बताया कि चक्र पूजा महोत्सव कुंभकार समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इसमें इष्ट देव ब्रम्हा, बिष्णु, महेश, गणेश, विश्वकर्मा, रुद्रपाल और रत्नेश्वरी की पूजा की जाती है। रुद्रपाल और रत्नेश्वरी से ही कुम्हार समाज बना व पूर्वज के रूप में पूजे जाते हैं। यह पूजा मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि से शुरू होती है।



उन्होंने आगे विधानसभा चुनाव में अपार जनसमर्थन के सहयोग से प्रचंड बहुमत हासिल कर बसना में भाजपा को जीत दिलाकर छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने तक की जनसंपर्क सहित विजय यात्रा का विस्तार से उल्लेख किया। इस दौरान कुंभकार समाज को शासन के तरफ से ईंट निर्माण में मिलने वाले 25000 ईंट के छूट को बढ़ाकर 2 लाख करने की मांग की गई। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने शासन से मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विद्याभूषण सतपथी महाराज, पूर्व संसदीय सचिव त्रिविक्रम भोई, कुंभकार फुलझर अंचल अध्यक्ष नरेंद्र राणा, संबलपुर अध्यक्ष हरिहर राणा, जिला पंचायत सदस्य वृंदावती पांडे, जनपद सदस्य कुमोदिनी भोई, माटीकला बोर्ड पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर पांडे, तोषगांव सरपंच पद्मिनी विशाल, रामचरण राणा, वरुण चक्रधारी, मोरध्वज चक्रधारी, भाजपा नेता सुवर्धन प्रधान, ऋषिकेश राणा, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, हरजिंदर सिंह, पुरुषोत्तम पांडे, विजय पांडे, लक्ष्मी नारायण पांडे, गजानंद पांडे, जसवीर सिंह, हितेंद्र पांडे, सुशांत राणा, पुरुषोत्तम प्रकाश भोई सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## नवनिर्वाचित विधायक का सम्मान 24 को



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश गांडा समाज की बैठक ब्लाक स्तरीय ग्राम बाराडोली में हुई। जिसमें सर्वसमिति से प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी रविवार 24 दिसंबर को टाउन हॉल झिलमिला में समय सुबह 11 बजे से नवनिर्वाचित विधायक चातुरी डिग्री लाल नंद का स्वागत समारोह कार्यक्रम होगा। इसमें समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से शामिल होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### नारा लेखन प्रतियोगिता में निकिता रही प्रथम

**सरायपाली।** स्व राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी हेमलता पटेल, सहायक नोडल अधिकारी राजकिशोर पटेल तथा संयोजक डॉ. राधेश्याम पटेल के निर्देशन में विकसित भारत 2047 के थीम पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कुल 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम निकिता साहू (बीएससी अंतिम वर्ष), द्वितीय अर्चना साहू (बीएससी तृतीय वर्ष) एवं तृतीय दीपिका चौधरी (बीएससी अंतिम वर्ष) रहे। इस प्रतियोगिता के प्रभारी एवं निर्णायक सब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) एवं जयप्रकाश सिंह थे।

### छात्रों को बताई गईं जीवन बीमा क्षेत्र से जुड़ी संभावनाएं

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं के लिए बीमा के क्षेत्र में संभावनाएं विषय पर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में वासुदेव पंसारी वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एलआईसी शाखा महासमुंद एवं राकेश झाबक मुख्य जीवन बीमा सलाहकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक तरूण कुमार तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा ने किया।

**न्याय : दांडिक प्रकरणों से संबंधित मामलों की हुई सुनवाई**

# बसना तहसील में लगा नेशनल लोक अदालत, 17 मामलों का हुआ निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

राष्ट्रीय व राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा) रविराज ठाकुर, तहसीलदार नमिता मारकोले एवं नायब तहसीलदार बसना ललित सिंह के मार्गदर्शन में तहसील न्यायालय बसना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर को सुबह 10.30 से 4 बजे तक किया गया है। जिसमें दाखिल पूर्व मामले व न्यायालय में लंबित दांडिक प्रकरणों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई।




लोक अदालत में बसंत यादव एवं शिवकुमार यादव विरूद्ध अमरीका यादव ग्राम भंवरपुर एवं मधुसूदन पात्र निवासी गधाभांठा का पिलेश्वर पटेल से जमीन से संबधित मामला चल रहा था। जिसमें दोनों पक्ष उपस्थित होकर राजीनामा कर खुशी से प्रकरण को निराकरण किया गया। इसी तरह राजेंद्र प्रसाद ओगरे का अपने पिता अक्तिराम ओगरे से धान का बोनस को लेकर विवाद था, जिसमें पिता पुत्र उपस्थित होकर राजीनामा किए। रामप्रसाद साव का कुशु यादव ग्राम तरेकेला से पैसे के लेन देन को लेकर मनमुटाव था, जिसमें दोनों राजीनामा किए।

### शराब के नशे में पति-पत्नी का विवाद, लोक अदालत में सुलझा

नागेश भोई निवासी गढ़पटनी का अपनी पत्नी ललिता भोई एवं भैंसाखुरी निवासी प्रफुल्ल रात्रे का पत्नी अनिता रात्रे तथा ग्राम ख्वाशपाली निवासी गोविंद का अपनी पत्नी मानकी बाई से शराब के नशे में मारपीट को लेकर मामला लंबित था। जिसमें पति-पत्नी उपस्थित होकर राजीनामा किए। धामनघुटकुरी निवासी लखपति प्रधान समेत 6 लोगों का एक महिला के साथ अश्लील कमेंट्स को लेकर आपसी विवाद था, जिसमें दोनों पक्षों की उपस्थिति में राजीनामा के आधार पर मामले का निराकरण किया गया। सामाजिक बहिष्कार को लेकर ग्राम टांगापासा से महेंद्र पटेल एवं अन्य 5 एवं भंवरपुर निवासी उदल पोर्ते समेत 5 अन्य का भरत लाल सिदार के साथ विवाद था, जिसमे आपसी समझौते से प्रकरण का निपटारा किया गया। तहसील कार्यालय में पदस्थ 107, 116 (जाफौ) दांडिक मामलों की वाचक रीना पांडेय द्वारा बताया गया कि सभी पक्षकारों को 16 दिसंबर 2023 को नेशनल लोक अदालत के संबंध में समंस भेजकर सूचना दी गई थी। इसमें 17 मामलों का निराकरण हुआ। लोक अदालत में तहसील न्यायालय के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# हाफ बिजली बिल योजना को बंद करने की बात प्रदेशवासियों के अधिकारों का हनन : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

**45 लाख से अधिक परिवारों को मिल रहा हाफ बिजली बिल योजना का लाभ**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो दिन पहले कवर्धा में रैली के दौरान मीडिया से चर्चा में कहा था कि राज्य के सभी घरेलू कनेक्शन को दी जा रही बिजली बिल हाफ योजना को नवनियुक्त भाजपा सरकार बंद करने जा रही है। उक्त बयान पर पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शासन में 45 लाख से अधिक परिवारों को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिल रहा था। इस योजना से प्रदेश के बड़े तबके को राहत मिली है। लेकिन, नवनियुक्त भाजपा सरकार अपनी जनता विरोधी मानसिकता को दर्शाते हुए प्रदेशवासियों के कल्याण के इस महत्वपूर्ण योजना को बंद करने की सोच रही है।

चंद्राकर ने कहा कि लोगों को मिल रही हाफ बिजली बिल योजना कोई खैरात नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। बिजली उत्पादन में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रमुख योगदान है। छग में कोल उत्पादन के लिए हजारों हेक्टेयर में आच्छादित वनों की कटाई, भारी वाहनों से कोयला परिवहन से सड़कों की दुर्दशा, उत्पादन प्रक्रिया के चलते पर्यावरण को भारी आघात, वायु प्रदूषण की समस्या प्रदेश वासी झेल रहे हैं। देश विकास के लिए प्रमुख बिजली उत्पादन में छग के विभिन्न खदानों से कोयले का भारी मात्रा में उत्खनन व परिवहन हुआ। छग के कोयले से उत्पादित बिजली पर छत्तीसगढ़ वासियों का भी अधिकार है।



उक्त सभी बातों पर विचार कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश वासियों के लिए बिजली बिल हाफ योजना लागू कर उन्हें लाभ पहुंचाया। इस योजना से प्रदेश के बड़े वर्ग को सीधे तौर पर लाभ मिला। 400 यूनिट तक उपभोक्ताओं को आधे बिजली बिल सुविधा मिलने से आर्थिक भार नहीं झेलना पड़ा। लेकिन, भाजपा द्वारा इस योजना को बंद करने की बात कहना जनता विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

चंद्राकर ने कहा कि बड़े उद्योगपतियों के हितैषी भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस द्वारा शुरू की गई उन सभी योजनाओं को बंद करने पर विचार किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ वासियों को मिल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बेहतर से बेहतर योजना धरातल पर उतारा। उन योजनाओं के चलते छत्तीसगढ़ के विकास की चर्चा पूरे देश में हुई। 2003 से 2018 तक छत्तीसगढ़ को खोखला करने वालों के हाथों अब पुनः छग की बागडोर चली गई है। कांग्रेस पार्टी गरीब, मजदूर, किसान के अधिकार व हित के लिए हमेशा आवाज बुलंद करती रहेगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री से यादव समाज के लोगों ने की मुलाकात



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक से रायपुर स्थित उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाजजनों ने दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव को छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल में शामिल करने, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष यादव समाज को देने एवं आसन्न लोकसभा चुनाव में यादव समाज को एक टिकट देने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजू यादव शामिल रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में पहुंचे विधायक द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जीवनगढ़ में कबड्डी प्रतियोगिता हुई। इसमें मुख्य अतिथि खल्लारी के विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात उपस्थित खिलाड़ियों एवं ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने सर्वप्रथम इस वर्ष हुए विधानसभा चुनावों में लोगों द्वारा दिए गए भारी जनसमर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। यादव ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप के ही आशीर्वाद से मुझे फिर से आप लोगों की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि पूर्व के कार्यकाल की भांति ही इस बार भी खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।



इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में सेवाराम साहू, माखनलाल चक्रधारी, आसाराम मोंगरे, सुखरू राम साहू, कुंज लाल यादव, ढेलू राम यादव, पन्ना लाल ध्रुव, रंजीत सिंह, भुवनेश्वर ठाकुर, बलिराम ठाकुर, मिलेश्वर साहू, रितेश साहू, गुमान सिंह ठाकुर, भोज राम विश्वकर्मा, रामनारायण बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जिले की विभिन्न गांवों से पहुंचे कबड्डी दल के खिलाड़ी तथा आयोजन समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बच्चों एवं महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

महासमुंद। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 20 गांवों में ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया।

यह अभियान जिला संगठक रासेयो मालती तिवारी एवं यूनिसेफ से जिला सलाहकार ऋषभ तिवारी के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी अजय राजा, गायत्री चंद्राकर, चुम्मन लाल निषाद, सरस्वती वर्मा, निर्मल बंजारे के नेतृत्व में हुआ।

सुरक्षित पारा, सुरक्षित लईका एवं बच्चों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की समस्याओं और बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल अधिकार, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान, मानसिक, स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्राप्त किया गया तथा इन समस्याओं के समाधान के लिए अनेक प्रकार के उपायों को बताते हुए ग्रामीणों को जागरुक किया।

# मुख्यमंत्री साय से अलका ने की मुलाकात

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भाजपा खल्लारी विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अलका चंद्राकर ने मुलाकात की। इस दौरान जानवी साहू सरपंच, ममता साहू पूर्व जनपद सदस्य, नरेश चंद्राकर प्रदेश किसान मोर्चा, संजय मालवीय जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भीम पटेल, कन्हैया यादव मौजूद रहे। अलका ने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया है। 15 वर्षों तक सजाया, अब संवारने का काम भी भारतीय जनता पार्टी करेगी। मोदी की गारंटी अब अपने मूर्त रूप लेने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने पहले ही कैबिनेट की बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं 2 साल के बकाया बोनस की स्वीकृति दे दी है। गत 5 वर्षों में भूपेश के कुशासन में गरीबों के सिर से आवास छीनने का काम हुआ है, लेकिन भाजपा ने गरीबों का सहारा बनकर 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। जिससे हर गरीब का सपना साकार होगा। भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि भाजपा की सरकार बनते ही गरीबों को आवास मिलने की गारंटी है, जिसे विष्णुदेव साय की सरकार पूरे करने वाली है। भारतीय जनता पार्टी ने पूरे प्रदेश में भी मोर आवास मोर अधिकार का आंदोलन चलाकर भी गरीबों को आश्वस्त किया था। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर भी बकाया 2 साल का बोनस भी देने वाली है, जो कि भाजपा के किसानों की सरकार होने का प्रबल पक्ष लेती है। भाजपा सरकार 21 क्विंटल धान 3100 रुपए में खरीद कर एकमुश्त भुगतान के लिए दृढ़ संकल्पित है।



# रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल को मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

विजय दिवस के अवसर पर शनवार को शहीद स्मारक खरोरा में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि देने विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। सशस्त्र बलों की निडरता, साहस, उत्साह और शक्ति का जश्न मनाने के लिए 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। इस दिन का महत्व आज भी आम लोगों के दिलों में मौजूद है। वहीं विजय दिवस भारतीय सेना के हर वीर योद्धा की कहानी को अमर कर देता है। भारत के इन वीरों ने 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष में अपने प्राणों की आहूति देकर देश के लिए अमर बलिदान दिया। इस इंटर स्कूल कार्यक्रम का उद्देश्य उन वीरों को समर्पित था, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने जीवन की परवाह नहीं की। जिसमें रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद के विद्यार्थियों ने शहीदों को समर्पित प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस प्रस्तुति को सराहा। डांस टीचर माधव शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने इस खूबसूरत प्रस्तुति से स्कूल का नाम रोशन किया। प्राचार्या पूजा शर्मा व शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों का हौसला बढ़ाया।



## नागरिकों ने गुड मॉर्निंग महासमुंद में कराते रस्साकसी, योग के साथ जुंबा डांस में लिया हिस्सा

**महासमुंद।** लोगों के बेहतर स्वास्थ्य व लोगों को जागरूक करने के साथ उनकी इम्युनिटी सिस्टम को और मजबूत करने के उद्धेश्य से कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, खेल विभाग, खेल संघ तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में शनिवार को सुबह 7 से 8:30 बजे तक लगातार चौथे शनिवार किया गया। जिसमें योगा, हैंडबाल, हॉकी, वॉलीबाल, नेटबॉल, रस्साकसी, फुटबॉल, क्रिकेट, कराते खेल के साथ पारंपरिक गतिविधियां में संखली आयोजित किया गया। जिसमें खेल संघ, व्यायाम शिक्षक, योग, जुंबा टीम द्वारा खेल गतिविधियों का अभ्यास कराया गया, जिसमें 700 से ज्यादा नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद ने जानकारी देते हुए बताया कि नेटबॉल में कुलेश्वर, आदित्य पटेल, शेखर अजगर, वॉलीबॉल में विकास सेन, मुरीन सैफी, बॉल बैडमिटन में दीपशिखा, अंबिका दीवान, क्रिकेट में गोलू जैकब, अभिषेक गुप्ता, योग में देवेंद्र कुमार सोनवानी, कुमकुम साहू, प्रीति साहू, गोला फेंक में मुकेश, मूलचंद निषाद, रस्साकसी में दीक्षा ठाकुर, सुमन दीवान, नैना चौहन, सीमा ध्रुव, हॉकी में हर्षिता कन्नोजे, हैंडबाल में धनंजय, उदय, आदित्य ने बेहतर प्रर्दशन किया। आयोजन को सफल बनाने में गणेश राम कोसरे, सेवन दास मानिकपुरी, इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू, नीलम सिन्हा, सन्मय, एवन साहू, रूप लाल साहू, आकाश सोनी, आयशा लतीफ़, प्रियंका ध्रुव, त्रिवेणी साहू, गरिमा भारद्वाज, भोजेश्वरी ठाकुर, छन्नू लाल साहू, अंजनि साहू, माणिकलाल साहू, आरआर साहू, शैलेंद्र कुमार सोनी, कौशल कुमार शुक्ला, हर्षिता चंद्राकर, ऋचा साहू, प्रीति साहू, नेहा गुप्ता, आशालता सिन्हा, आरती साहू, जगदीश लाल साहू का सहयोग रहा। सत्यम योग एकेडमी के योग शिक्षक सत्यनारायण दुर्गा द्वारा योग अभ्यास कराया गया, हिट हॉप जुंबा क्लॉस से वैशाली ठाकुर व हितेश यादव द्वारा जुबां डांस कराया गया। जिसमें सभी ने खूब आनंद लिया। आयोजन में आसपास के विद्यालय, महाविद्यालय, खेल संघ, संस्था तथा विभिन्न विभागों का सहयोग मिला।

## हार से बौखलाए कांग्रेसी कर रहे अनर्गल बयानबाजी : रमेश



**महासमुंद।** नारायणपुर जिले के कोकणाझोर में कथित किसान आत्महत्या मामले में कांग्रेस के आरोप को खारिज करते हुए भाजपा नेता व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों को कर्ज माफी का लालच देकर कर्ज लेने उकसाया। किसान ने जब कर्ज लिया तब कांग्रेस की सरकार थी। वर्तमान में भाजपा ने 21 क्विंटल धान खरीदी तथा 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा किया है, उसे वह पूरा करने प्रतिबद्ध है। उन्होनें कहा कि मोदी की गारंटी पर कार्य करते हुए प्रदेश भाजपा सरकार ने अपना पहला कदम बढ़ाया है। इसके तहत 25 दिसंबर सुशासन दिवस को 2016-17 व 2017-18 का दो वर्ष का बोनस एक साथ किसानों को प्रदान किया जाएगा। साथ ही मंत्रिमंडल के गठन पश्चात शीघ्र ही 21 क्विंटल धान खरीदी प्रारंभ होगी तथा 3100 रुपए भुगतान कार्य भी सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही शीघ्र ही प्रदेश के माताओं, बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ भी मिलेगी। हितग्राहियों से आवश्यक दस्तावेज मंगाकर बैंक खाते में 1-1 हजार रुपए प्रतिमाह डाला जाएगा।

### मोहंदी में श्रीमतद भागवत कथा 23 से

**महासमुंद।** ग्राम मोहंदी में 23 से 30 दिसंबर तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगा। कथावाचक पं धनंजय तिवारी मानपुर बागबाहरा होंगे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST

# जागो बहनी जागो दीदी विषय पर विधिक शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जागो बहनी जागो दीदी एकल महिलाओं के लिए कानूनी जागरुकता (विधिक) शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक प्रशिक्षक हेमलता राजपूत ने बताया कि प्रेरक समिति महासमुंद यूनिट द्वारा बागबाहरा ब्लाक के 20 गांव जुनवानीखुर्द, मजराही, हरनादादर, खैराडेरा, खुटेरा, तमोरा, तमोरी, ढोड़, ढोंगा, घुंचापाली आदि गांवों में चिन्हांकित किए एकल महिलाओं के लिए कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। ताकि, वे कानूनी जागरुकता के साथ संगठित होकर सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें।

कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए बताया कि समाज में एकल महिला जो मुख्य रुप से आजीवन अविवाहित विधवा, निशक्त महिला हैं, जो शिक्षा और जानकारी के अभाव में बहुत सारी समस्या का सामना करती है। कई परिस्थिति में उन्हें बहुत संघर्षमय जीवन जीना पड़ता है, ऐसी महिलाओं को टीम द्वारा चिन्हांकित किया गया। जिसमें जिला महासमुंद के ब्लाक बागबाहरा से कुल 75 गांव टारगेट है। जिसमें कुल 1125 महिलाओं की सूची बनाई गई, जिन्हें कानूनी जानकारी के साथ सरकारी योजना लाभ दिलाना है। इसमें मुख्य रूप से छग खाद्य सुरक्षा कानून के तहत राशन कार्ड का लाभ, मनरेगा जाबकार्ड के आधार पर कार्य में शामिल करना, अलग अलग प्रकार के मिलने वाले पेंशन का लाभ आदि प्रमुख विषयों पर जानकारी एकत्रित किया गया। सर्वे रिपोर्ट में सामने आई कि बहुत अधिक संख्या में जरुरतमंद एकल महिलाओं को कानूनी जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए संस्था द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि अलग-अलग कलस्टर में कानूनी जागरुकता (विधिक) शिविर का आयोजन कर उन्हें सुरक्षा संबंधी कानूनी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी अलग अलग स्त्रोत व्यक्ति और अधिवक्ता के माध्यम से उन्हें सशक्त करने और सरकारी योजना का लाभ ले सके। कार्यक्रम में गांव केडर मुखिया बिरम बाई ध्रुव, शांति बाई पटेल, देवला ध्रुव, गंगा बाई ध्रुव, कमला साहू, पार्वती निषाद, तुलसी दीवान, मानबाई ध्रुव, देशादा ध्रुव, पुनिया बाई विप्रे, अगरोतिन गोंड, पार्वती निषाद, तुलसी दीवान, प्रेमीन दीवान, साधना यादव आदि ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही क्षेत्रीय कार्यकर्ता विष्णुप्रिया ठाकुर, कुसुम पटेल, माधवी सोनी आदि सहयोग रहा।




Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप



## गोस्वामी समाज का भेंट मुलाकात कार्यक्रम

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा जिले के समस्त गोस्वामियों के घर जाकर भेंट मुलाकात का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के साथ उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि, संगठन सचिव शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, मनोज गिरि, अर्जुन गिरि, यशवंत गिरि, विजय पुरी, धीरेंद्र गिरि आदि पदाधिकारी मिठाई लेकर घर-घर जा रहे हैं तथा समाज के सभी सदस्यों, बुजुर्गों, माताओं तथा बच्चों से मिलकर उनके कामकाज, स्वास्थ्य, पढ़ाई लिखाई आदि के बारे में बात करते हैं। रविवार को इसी क्रम में ग्राम पोटिया, लभराकला, खुटेरी, आमाकोनी, ढोंड, खम्हारमुड़ा, डोंगरीपाली, मामाभांचा तथा कोसरंगी में सभी स्वजातीय बंधुओं से मुलाकात किया गया। समाज के लोग भी पदाधिकारियों को अपने घर पाकर अत्यंत आत्मीयता तथा प्रसन्नता के साथ स्वागत कर रहे हैं। अगले एक सप्ताह के अंदर जिले के समस्त सामाजिक सदस्यों के घर जाकर मुलाकात किया जाएगा।



## ग्रामीण महा उत्सव की शुरुआत

**महासमुंद।** विगत दिनों किसान नेता एक शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर शामिल हुए। इस दौरान शोरूम के मैनेजर अजय चौहान, राहुल तिवारी, प्रजानंद, सिद्धार्थ महंती आदि मौजूद रहे।



## गुरु घासीदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास की जयंती पर 18 दिसंबर सोमवार को शोभायात्रा निकाली गई। सात श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगुवानी में सतनामी समाज जयकारे लगाते हुए सपरिवार शामिल हुए। गुरुबाबा की शिक्षा और आदर्शों का संदेश दिया गया। सबसे पहले सतनामी समाज के लोगों ने जैतखाम के पास एकत्रित हुए। गुरु घासीदास जैतखाम की पूजा अर्चना कर मंगल आरती की गई। सफेद ध्वज लहराते हुए आकर्षक झांकियां, पंथी नर्तक दल, बच्चे, युवा, महिलाएं व बुजुर्गों ने गुरु घासीदास बाबा की जयकारे लगाते रहे। सतनामी समाज द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। 19 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाई जाएगी। रात्रि में छत्तीसगढ़ लोक कला संगीत सुर मोहिनी बलौदा बाजार भाटापारा की प्रस्तुति होंगी।

धर्म-कर्म : भागवत कथा के चौथे दिन भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

# युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने अवतार लेते आए हैं भगवानः शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय महावीर कालोनी में चल रही सनातन संस्कृति संरक्षणार्थ श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कथा व्यास आचार्य पं रामप्रताप शास्त्री महाराज ने नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग गया। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा द्वापर युग में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद मानो फिर से महासमुंद में जीवंत कर दिया। भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर थिरकते हुए कृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद उजागर किया। कृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टॉफियां और बधाईयां बांटी गयी।



कथा प्रसंग में शास्त्री ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं। शास्त्री ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे है। उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती। वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही है। साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं। कथा के दौरान शास्त्री ने वामन अवतार, समुद्र मंथन, राम जन्मोत्सव और भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भाव पूर्ण वर्णन किया। शास्त्री ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के साथ सदा हर पल खड़े रहते हैं। वे भक्तों के हाथों से दी प्रेम और भाव के साथ दी गई। वास्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रौपदी का पुकार और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया। भगवान ने काल रुपी मकर से भक्त गजराज की रक्षा की तो द्रौपदी के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आये।

### समुद्र मंथन से जुड़ी रोचक कथाएं सुनाई

यह सारी कथाएं ये प्रमाणित करती हैं कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहने वाले भगवान भक्तों के साथ अपना स्नेह निभाने खुद आते हैं। ठाकुर सिर्फ यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे। ठाकुर अपने भक्त से ये भी कहते हैं कि मुझे, वो वस्तु अर्पित कर, जो मैंने तुझे कभी नहीं दी। ठाकुरजी कहते हैं- ऐसी कोई वस्तु जो मैंने तुझे नहीं दी, वह अहंकार है। बल्कि तूने खुद इसे अपने भीतर तैयार किया है। शास्त्री ने कहा कि भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी है। मेरे पास अपना कुछ भी नहीं जो कुछ भी है सो मेरे ठाकुर का ही है। गजेंद्र मोक्ष पाठ की महिमा बताते हुए कहा कि जो भी यह पाठ करता है। उस पर ठाकुर की कृपा सदा बनी रहती है। संकट उस पर सपने में भी नहीं आते। माता-पिता के चरण पकड़ लो, किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। जीवन में सब कुछ जरूरी है पर एक मर्यादा के अंदर सभी हो तो तभी तक सब ठीक है। शास्त्री ने समुद्र मंथन से जुड़ी कई रोचक कथाएं सुनाईं। उन्होंने कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। ठीक उसी प्रकार जैसे अहंकार से ग्रसित दानवों ने समुद्र मंथन के समय बासुकी नाग के मुख को पकड़ना श्रेयस्कर समझा और भगवान के मोहिनी रूप पर मंत्र मुग्ध हो उठे। भगवान के वामन अवतार को तीन कदम आश्रय स्थली दान में देने के बाद राजा बलि को पाताल लोक की शरण लेनी पड़ी। इसलिए कुछ भी करो, सोच समझ कर करो, जो कुछ भी तोल-मोल कर बोलो। मीठा और मधुर बोलो।

## कच्ची व सीलनयुक्त दीवारों से मिलेगी अब मुक्ति : मीना

**सरायपाली।** जिला भाजपा कार्यकारिणी सदस्य व सरायपाली महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष मीना गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीबों व वंचितों को कच्ची व सीलनयुक्त दीवारों से अब मुक्ति मिलेगी। राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख मकान का निर्माण कर गरीबों व आवासहीन परिवारों को शीघ्र ही उपलब्ध कराया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा की यह प्राथमिकता है कि हर व्यक्ति को पक्की व सुरक्षित आवास उपलब्ध हो, इसके लिए देशभर में प्रमआयो के तहत करोड़ों पक्के मकानों का निर्माण कर लाखों गरीबो व आवासहीनों को मकान आबंटित किया जा रहा है। यह केंद्र सरकार का एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एक महती व आवश्यक योजना है। गरीबों व आवासहीन लोगों के लिए राज्य में कांग्रेस सरकार के समय इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिए जाने से लाखों स्वीकृत मकानों का निर्माण नही किया गया। जिससे लाखों आवासहीन गरीबों को पक्के व सुरक्षित मकानों से वंचित होना पड़ा। अब जब राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ही मोदी की गारंटी के तहत 18 लाख मकानों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। सरकार के इस फैसले से अब कोई गरीब आवासहीन नहीं रहेगा। सभी को पक्के व सुरक्षित मकान दिए जाएंगे। इस ऐतिहासिक व गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्रीद्वय अरुण साव व विजय शर्मा के साथ ही सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त है। जिन्होंने मोदी के गारंटी का परिणाम है कि प्रदेश की जनता व मतदाताओं ने अपना अभूतपूर्व समर्थन व विश्वास व्यक्त करते हुए राज्य में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। पहली ही बैठक में गरीबों के आवास निर्मित होने जा रहे हैं, इसका सीधा लाभ गरीबों को मिलेगा।



शैक्षणिक भ्रमण



**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी के ग्यारहवीं और बारहवीं की छात्राओं और स्टाफ द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम शनिवार को रखा गया। सर्वप्रथम गरियाबंद स्थित भगवान शंकर के विशालकाय शिवलिंग का दर्शन कर पुरातात्विक महत्व समझाया गया। इस अद्भुत शिवलिंग के दर्शन पाकर छात्राएं खुश रहीं।

# हर बूथ पर विजय का था संकल्प : विश्वनाथन

## भाजपा मंत्री ने दिया 46 बूथों का ब्यौरा, सदस्यों को बताया अभियान का सारथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की ऐतिहासिक जीत का श्रेय बूथ समिति के कार्यकर्ताओं को देते हुए भाजपा शहर महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत की तर्ज पर शहर के सभी 46 बूथों में बूथ समिति के सदस्यों ने जमीनी स्तर पर पार्टी के प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा की विजय सुनिश्चित करने एक एक वोट भाजपा के पक्ष दिलाने जी जान से परिश्रम किया है। विश्वनाथन ने शहरी क्षेत्र के शहर मंडल महासमुंद के सभी 46 बूथों का ब्यौरा देते हुए बताया कि इस विधानसभा चुनावों में पहली बार सर्वाधिक 45 बूथों में भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस को पछाड़ते हुए 114 से 713 मतों तक की भारी बढ़त लेते हुए शहर महासमुंद से ही 11804 मतों की लीड लिया है। एक बूथ में सिर्फ कांग्रेस सिर्फ 6 वोट से आगे रही। शहर महामंत्री विश्वनाथन ने कहा कि अभी संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में मतदाताओं का रुझान प्रारंभ से ही दिखाई दिया है।





विश्वनाथन ने कहा कि भाजपा संगठन में बूथ समिति एक महवत्पूर्ण प्रारंभिक इकाई है और पार्टी में बूथ विस्तार अभियान से लेकर लगातार बूथ मैनेजमेंट को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा था। वर्तमान चुनाव में मेरा बूथ सबसे मजबूत के साथ हर बूथ पर विजय भाजपा कार्यकर्ताओं का संकल्प था। जिसके कारण ही बूथ समिति के सदस्यों ने अपने बूथों में भाजपा प्रत्याशी के विजय के लिए एकजुट होकर दिनरात एक कर विजय हासिल किया है। विश्वनाथन ने भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं सहित शहर मंडल के सभी पदाधिकारीगण, 10 शक्ति केंद्रों के प्रभारी, सहप्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक, जनप्रतिनिधियों के साथ 46 बूथों के सक्रिय अध्यक्ष और बूथ समिति के सभी सदस्यों को इस विजय अभियान का सारथी बताया।

## सोनपुर स्कूल में सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर में पदस्थ शिक्षिका गौरी चौहान का विदाई कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर व पूर्व माध्यमिक शाला सोनपुर में हुआ। गौरी चौहान ने अपने शिक्षक जीवन की शुरुआत 5 दिसंबर 1984 को कान्हा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिल्हा जिला बिलासपुर से की। और 31 मई 2023 शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर के प्रधान पाठक पद से सेवानिवृत हुए। इस विदाई कार्यक्रम में पूरे सोनपुर ग्रामवासी शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिका चौहान का स्वागत दुलदुली पार्टी के साथ किया गया और उसमें बरपानी संकुल के सभी शिक्षक और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में सोनपुर के सभी शिक्षक द्वारा शिक्षिका चौहान को शाल श्रीफल के साथ उनकी तस्वीर भेंट किया गया। इसके अलावा गांव संकुल के सभी शिक्षक, कुशभाटा संकुल के सभी शिक्षकों ने श्रीफल, शॉल भेंट किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

शिक्षिका चौहान के संबोधन में कसडोल के बीआरसी धृतलहरे ने ने कहा कि उनका शिक्षकीय कार्यकाल सराहनीय रहा और इस कार्यक्रम को उन्होंने ऐतिहासिक कार्यक्रम बताया। शिक्षिका चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि सोनपुर शाला को अपना परिवार मानती हूं और आगे भी सहयोग देती रहूंगी। उन्होंने सभी शिक्षकों का आभार जताया। कार्यक्रम में सोनपुर के बीआरसी तीरथराम लहरे, संकुल समन्वयक बरपानी पुरुषोत्तम वर्मा, संकुल समन्वयक कुशभाठा परितोष सेहरावत, थरगांव समन्वयक तेज कुमार चौहान, सोनपुर के शिक्षकगण कमल नयन साहू, मिथिलेश साहू, विजय शंकर पटेल, अशोक पटेल, दिनेश पाटकर, शिक्षक नेताम, चंद्रपाल ठाकुर, बसंत ध्रुव, टेन सिंह पटेल, शिक्षक पोर्ते, उज्जवल चौहान, छाया चौहान, बीआरसी लेखपाल पटेल आदि मौजूद रहे।

## विधायक सिन्हा को मिले मंत्रिमंडल में स्थानः मीना



**महासमुंद।** नगर पालिका महासमुन्द की पार्षद व नेता प्रतिपक्ष मीना वर्मा ने महासमुंद के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग करते हुए कहा कि महासमुंद विधानसभा में कांग्रेस का गढ़ तोड़ने वाले जिला मुख्यालय के विधायक योगेश्वर सिन्हा को विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की मांग की है। उन्होनें कहा है कि विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं साथ आम नागरिकों में भी महासमुंद विधायक को मंत्री बनाए जाने की काफी अपेक्षाएं है। पार्षद वर्मा ने भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं और जनभावनाओं के अनुरूप महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को मंत्री बनाया जाना जिले के कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा।

## स्वयंसेवकों ने गुरु घासीदास जयंती पर निकाली नशामुक्ति रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के रासेयो इकाई व हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक महासमुंद के मार्गदर्शन में प्राचार्य अनिता पटेल तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कमला बाई दीवान के नेतृत्व में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मोहनलाल दीवान सहायक शिक्षक द्वारा गुरु घासीदास के जीवन चरित्र को बताते हुए उनके उपदेशों व संदेशों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया गया। गुरु घासीदास मांसाहार व नशे से दूर रहने का उपदेश देते थे। इसी संदेश को ग्रामीणजनों तक पहुंचाने के लिए ग्राम बलौदा में नशामुक्ति रैली निकालकर लोगों को उनके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में विद्याकांत कश्यप, मुकेश नाग, दल नायक देवेंद्र यादव, उपदल नायक गुलशन यादव, झरना स्वाईं, सुनीली बारिक, अंकिता साहू, रविंद्र मेहेर, जीतू साहू, पुष्पा डडसेना, नीतू डडसेना, योगिता, भूपेन, पीतांबर मेहेर, नीलांबर, डिलेश्वर आदि स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी करुणा सागर जाल ने दी।




## वीर नारायण का शहादत दिवस, स्वाभिमान व विधायकों का सम्मान समारोह 24 को

**अरंड (पिथौरा)।** 24 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस मनाने एवं स्वाभिमान समारोह तथा नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर कौड़िया आदिवासी महासंघ एवं सर्व आदिवासी समाज की बैठक कृषि उपज मंडी पिथौरा में हुई। समाजजनों ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने जुटे हुए हैं।

इस संबंध में सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष मनराखन ठाकुर ने बताया कि 24 दिसंबर को शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस एवं स्वाभिमान तथा नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह होगा। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित अनेक विधायक, सांसद के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुख शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी महापुरुषों का पूजन अर्चन के पश्चात एक तीर एक कमान एकता एवं भाईचारे का प्रतीक लेकर नगर में पदयात्रा करेंगे। आदिवासी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम में विशेष पूजा कर बस्तर के आंगादेव रेला पाटा, कर्मा, सुआ, गोंडी नृत्य के साथ के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर राज अध्यक्ष भूषण सिंह सूर्यवंशी, तुलाराम शोरी, दयाराम बरिहा परिक्षेत्र अध्यक्ष बरत लाल माझी, मदन ध्रुव, गणेश राम दीवान, देवी सिंह ठाकुर, सिरामन ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, कौड़िया आदिवासी महासंघ अध्यक्ष जनक राम ठाकुर, जाम सिंह दीवान, पूरन सिंह बरिहा, गणेशाराम ठाकुर, भागीरथी ध्रुव, घासीराम ध्रुव, सुरेश मलिक, अलखे भोई, गाड़ाराय भोई, अनूप ध्रुव, ताराचंद बरिहा, कपिल ध्रुव, नानक ठाकुर, तुलसी दीवान, दीनदयाल दीवान, हेमसागर बरिहा, कृष्ण कुमार ध्रुव, नरेश ध्रुव, कार्तिक राम बरिहा, श्याम कुमार नेताम, तुलाराम ध्रुव, शिवकुमार बरिहा, जनक बरिहा, समारू बरिहा, सनतराम, संतोष बरिहा, सुरेश बरिहा, विजय बरिहा, भारतसिंह ध्रुव, रूपसिंह मरई, रविलाल, लखन ध्रुव, पलटू राम ध्रुव, देवनारायण ध्रुव, समाज के मीडिया प्रभारी शोभाराम ध्रुव, नेतू राम ध्रुव, बुधराम ठाकुर आदि मौजूद रहे।



# साहू समाज ने किया नवनिर्वाचित विधायक सिन्हा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बीटीआई रोड स्थित मां कर्मा सदन में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का साहू समाज विधानसभा क्षेत्र महासमुंद के सामाजिकजनों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सामाजिकजनों द्वारा मां कर्मा के तैल्यचित्र में दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। प्रदेश साहू संघ राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शैलेंद्र साहू के आगमन से समाज के युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। साहू का युवाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत उपरांत समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक समरसता एवं एकजुटता को लेकर संबोधन दिया गया। शैलेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यहां के साहू युवा सत्ता पलटने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।



यहां के युवा अपनी ऊर्जा से राजनीतिक पलटवार करने में कहीं कमी नहीं रखते, इसी के चलते महासमुंद विधानसभा में राजनीतिक प्रकोष्ठ का गठन अति शीघ्र उनके द्वारा किया जाएगा। राजनीतिक प्रकोष्ठ के गठन से समाज में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और समाज को दशा और दिशा इससे प्रदान होगा। महिला प्रकोष्ठ की ओर से सुधा साहू भारती जनता पार्टी महिला मोर्चा ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण की बात कही। उन्होंने महिलाओं को सामाजिक राजनीतिक में पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर काम करने की बात कही। सांसद प्रतिनिधि मोहन साहू ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक से समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने एवं सामाजिक समरसता को बरकरार रखते हुए क्षेत्र की उत्तर उत्तरोत्तर विकास करने की करने की बात कहीं। साहू समाज द्वारा गजमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जोशीला स्वागत किया गया। साहू समाज विधानसभा महासमुंद से आए ग्रामीण अध्यक्ष, परिक्षेत्र अध्यक्ष एवं महिला प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के युवाओं द्वारा नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत किया गया। उपरांत विधायक ने अपने उद्बोधन में साहू समाज का आभार प्रदर्शन करते हुए हर परिस्थिति में समाज के साथ खड़े रहने की बात कही।

विधायक सिन्हा ने अपनी जीत में अहम किरदार निभाने वाले जितेंद्र पप्पू साहू को जीत का सूत्रधार बताते हुए उनको राजनीति का चाणक्य माना। कार्यक्रम को मुन्ना साहू, मोती साहू, सती साहू, पार्वती साहू, हेमलता साहू मेनका साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से तहसील साहू समाज उपाध्यक्ष कमल नारायण साहू, शेर परिक्षेत्र अध्यक्ष सुंदर साहू, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष नूतन साहू, नगर साहू समाज अध्यक्ष रवि साहू, जनपद सदस्यगण रामेश्वर गब्बर साहू, दिग्विजय साहू, पार्षदगण निखिलकांत, विजय साहू, सरपंचगण रिखी राम, कर्मचारी प्रकोष्ठ से केवल, आत्माराम, नंदू साहू परिक्षेत्र अध्यक्षगण, ग्रामीण अध्यक्षगण एवं चैनू, महेंद्र, बिसौहा, ईश्वर, वरुण, तोमन, धरम, सुभाष, मनीष, चंदन, विनय, घना, रामेश्वर, धीरज, दुर्गेश, दिनेश, चेतन, ओमप्रकाश, विजय, डॉ तरुण, योगेश, गुलशन, कुंदन, संतराम, रूपेश सहित सामाजिकजन उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ सुंदर साहू, डॉ देवेंद्र साहू, अजय साहू ने किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन करते हुए जितेंद्र साहू ने जनपेक्षाओं के अनुकूल सदैव तत्पर रहते हुए कार्य करने के साथ क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित निराकरण की बात कहीं।

